>

Title: Need to esdtablish a National Tiger Reserve in Kaimur forest of Bihar.

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): अध्यक्ष जी, मेरी चिंता बाघों के बारे में है और भारत में आज बाघों की संख्या सरकार के प्रयास से दो हजार से बढ़कर तीन हजार हो चुकी है, जिसे दुनिया में मिसाल के तौर पर माना जा रहा है। हाल ही मैं चितवन, नेपाल से जुड़े बाल्मिकी नगर टाइगर रिजर्व में था, जहां बाघों की संख्या बढ़कर 41 हो गई है। बिहार में एक और स्थान है, जो भारत का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा ।

क्योंकि बिहार और झारखंड के बंटवारे के बाद पलामू झारखंड में चला गया और बिहार के पास एक वाल्मीकी नगर टाइगर रिजर्व रह गया है। अभी इसकी चौड़ाई 11 सौ वर्ग किलोमीटर है, जो भारत का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बन सकता है। यह झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सभी जंगलों से मिलता है। वर्ष 1995 में अंतिम बाघ यहां दिखा था और हाल-फिलहाल भी यहां एक बाघ दिखा है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि कैमूर बिहार का एक बहुत ही अच्छा जंगल है, उसे नेशनल व्याघ्र पार्क के रूप में विकसित करने के लिए भारत सरकार अपनी स्वीकृति दे। धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री देवजी एम. पटेल, श्री नारणभाई काछड़िया, श्री गिरीश चन्द्र, श्री मलूक नागर, श्री सी. पी. जोशी और श्री जगदम्बिका पाल को श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।